**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**11.05.2025/प्रादेशिक समाचार/1500बजे**

**पीएम–बैठक**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह मौजूद थे। यह बैठक कल दोनों देशों के सैन्य अभियान महानिदेशकों के एक–दूसरे से बात करने के बाद संघर्ष विराम के मद्देनजर हुई। दोनों देशों के यह अधिकारी कल फिर बात करने वाले हैं।

**वायु सेना**

वायु सेना ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसे जो कार्य सौंपे गए वे सभी उसने पूरी कुशलता के साथ सम्पूर्ण किए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में वायु सेना ने कहा है कि सभी ऑपरेशन राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए शानदार तरीके से चलाए गए। अभी यह ऑपरेशन चल रहे हैं और उचित समय पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। वायु सेना ने सभी से आग्रह किया है कि वे अटकलबाजी से बचें और अपुष्ट जानकारी साझा न करें।

**सड़क निर्माण**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि कुल्लू ज़िले के आनी विधानसभा क्षेत्र की 60 सड़कों का जल्द निर्माण किया जाएगा। इन सभी सड़कों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के तहत स्वीकृत किया गया है। आनी में ज़िलास्तरीय मेले के समापन अवसर पर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जलोड़ी जोत टनल की अलाइनमेंट को स्वीकृति मिलने के बाद इसके निर्माण को लेकर करीब 3 हज़ार करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है और जल्द ही ये कार्य भी शुरू किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि उन्होंने हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य किया है और वे प्रदेश के समुचित विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**पानी शुल्क**

प्रदेश में हाल ही में नवगठित और अपग्रेड हुए शहरी स्थानीय निकायों में अगले 3 वर्षों तक जल आपूर्ति की दरें ग्रामीण क्षेत्रों की तर्ज पर ही लागू रहेंगी। ये निर्णय हाल ही में शहरी स्थानीय निकायों में शामिल लोगों को सुगम तरीके से शहरी व्यवस्था में शामिल करने के उद्देश्य से लिया गया है। इस फैसले से प्रदेश भर में 47 हज़ार से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ होगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने आज शिमला में बताया कि पानी शुल्क में रियायत के अलावा इन क्षेत्रों के निवासियों को संपत्ति कर में भी छूट प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से न केवल लोगों को राहत मिलेगी बल्कि उन्हें बेहतर बुनियादी सुविधाएं भी सुनिश्चित होंगी।

## किराया वृद्धि

प्रदेश सरकार द्वारा राज्य पथ परिवहन निगम की बस के अधिकतम किराए में की गई 15 फीसदी की वृद्धि को भाजपा ने जनविरोधी करार दिया है। शिमला में पत्रकार वार्ता में भाजपा नेता संजय सूद ने कहा कि देश में भारत–पाकिस्तान तनाव के बीच राज्य सरकार ने बस किराए में बढ़ोतरी कर आम जनता पर आर्थिक बोझ डालने का काम किया है।

***हमारी एचआरटीसी ने 10 रुपये मिनम किराया लेना शुरू किया है बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, हम लोग जानते है कि शिमला में एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए साधनों का प्रयोग करना पड़ता है। और सरकार विरोध करने के वाबजूद भी सरकार इस पर चुनी साधे हुए है। और उसके उपर एक और निर्णय लिया किया 15 प्रतिशत एचआरटीसी ने बढ़ाया है बहुत दुखद है ऐसी परिस्थितियों में सरकार सिर्फ और सिर्फ अपना खजाना भरने में लगी हुई है।***

## ड्रोन तकनीक

प्रदेश में लोगों को ड्रोन टैक्सी सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार कार्य योजना बना रही है। इससे प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के कृषि उत्पादों और दवाइयों की आपूर्ति करने में सहायता मिलेगी। सरकार द्वारा कृषि और बागवानी क्षेत्रों के आधुनिकीकरण के लिए हमीरपुर, मंडी और कांगड़ा ज़िलों में ड्रोन स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। ड्रोन प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार युवाओं के लिए स्वरोजगार और रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश के आई.टी.आई. संस्थानों में पिछले वर्ष 2 सौ 43 युवाओं ने ड्रोन से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

## प्रौद्योगिकी दिवस

आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस है। वर्ष 1998 में आज ही के दिन भारत ने राजस्थान के पोखरण में परमाणु बम का सफल परीक्षण किया था। यह दिन देश की प्रगति और विकास में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का उद्देश्य दैनिक जीवन में प्रौद्योगिकी की भूमिका को उजागर करना और विज्ञान व प्रौद्योगिकी में युवाओं की रुचि को प्रोत्साहित करना है।

## मॉनसून

मौसम विभाग ने दक्षिण–पश्चिम मॉनसून के 27 मई को केरल तट पर पहुँचने का अनुमान व्यक्त किया है। सामान्य तिथि से पाँच दिन पहले मॉनसून के पहुंचने से खरीफ की बुआई और पैदावार अच्छी होने और जलाशयों का स्तर बढ़ने की उम्मीद है। विभाग ने इस वर्ष मानसून सामान्य से एक सौ 5 प्रतिशत अधिक होने का भी अनुमान व्यक्त किया है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब विभाग ने सामान्य से अधिक मानसून का अनुमान लगाया है।

.............................................